# देशभक्ति के जज्बे से सराबोर हुआ वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला

**महान क्रांतिकारी सुखदेव के वंशज 'क्रांतिवीर परिजन सम्मान' से विभूषित ,देश की रक्षा में शहीद हुए चंबल के सपूत अनूप कुमार के माता-पिता का भी हुआ सम्मान**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित किए गए 27वे बलिदान मेले में महान क्रांतिकारी अमर शहीद सुखदेव के वंशज श्री अनुज थापर को 'क्रांतिवीर परिजन सम्मान' से सम्मानित किया गया। साथ ही अदम्य साहस का परिचय देकर चार आतंकियों को मारकर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भिण्ड जिले की अटेर तहसील के ग्राम बड़ेरी निवासी शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद अनूप कुमार शर्मा की माताश्री राजेंद्री शर्मा व पिता श्री रामशंकर शर्मा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं वित्त वाणिज्यकर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं बलिदान मेले के संस्थापक अध्यक्ष व राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया सहित अन्य अतिथियों ने सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मंचासीन थे।

- उप मुख्यमंत्री देवड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं पवैया के संयोजन में हुआ भव्य आयोजन
- बलिदान मेले की तर्ज पर अन्य जिलों में महानाट्य का मंचन कराया जायेगा : श्री देवड़ा



बलिदान मेले में महारानी लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित महानाट्य के रोमांचकारी मंचन से बड़ी संख्या में मौजूद शहरवासियों के दिलों में देशभक्ति का जज्बा हिलोरे लेने लगा। ज्ञात हो पिछले 27 सालों से बलिदान मेले के संस्थापक अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया के प्रयासों से वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि के सामने वाले मैदान पर बलिदान मेले का आयोजन हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता का स्वाभिमान व गौरव बनाए रखने के लिये महारानी लक्ष्मीबाई ने अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी याद में ग्वालियर में बलिदान मेले का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने बलिदान मेला आयोजित करने के लिये राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पवैया के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। बलिदान मेला में आयोजित हुए 'खूब लड़ी मर्दानी' महानाट्य की उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने प्रशंसा की। साथ ही कहा कि इस महानाट्य का मंचन प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों पर कराने के प्रयास पूरी गंभीरता से किए जायेंगे, जिससे युवा पीढ़ी महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र से परिचित हो और उसे देशभक्ति की प्रेरणा मिले। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महानाट्य के हर जिले में मंचन के सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा की जायेगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने वीरांगना लक्ष्मीबाई की शहादत को नमन करते हुए कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के दांत खट्टे करते हुए वर्ष 1858 में 01 से 16 जून तक ग्वालियर पर राज किया। इसके बाद अदम्य साहस व शौर्य का परिचय देकर ( शेष पृष्ठ 7 पर )








## विधायक सिकरवार ने पराक्रम स्वाभिमान यात्रा का किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पराक्रम स्वाभिमान यात्रा का स्वागत किया। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आज किलागेट से पराक्रम स्वाभिमान यात्रा शुरू हुई, जैसे ही यात्रा आकाशवाणी तिराहा पर पहुँची तो विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ठंडे पेयजल एवं पुष्पहार पहनाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, राजेश तोमर, अनूप शिवहरे, संदीप यादव, रेखा जाटव, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, राजा भदौरिया, जीतू कुशवाह, प्रतीक जैन, राहुल गुर्जर, वैभव सिकरवार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विनोद जैन व्हाईट हाउस के संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी, सुरेश बंसल से मुकाबला

**ग्वालियर18 जून.** मप्र चेंबर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के चुनावों में व्हाईट हाउस ने अपना संयुक्त अध्यक्ष पद का प्रत्याशी भी घोषित कर दिया हैं। मार्बल व्यापारी डा. विनोद जैन व्हाईट हाउस से संयुक्त अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ेंगे। इस पद पर क्रियेटिव हाउस ने सुरेश बंसल को पहले से ही अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा है।

बुधवार देर सायं उपाध्यक्ष पद पर सुनील अग्रवाल सन्नी व सहसचिव पद पर दीपक पमनानी की घोषणा के बाद व्हाईट हाउस प्रमुख अरविंद अग्रवाल ने अपने हाउस के एक और प्रत्याशी की घोषणा कर दी। इसकी विधिवत घोषणा 21 जून को व्हाईट हाउस की कोर ग्रुप मीटिंग में की जायेगी।



## जीडीए अध्यक्ष से मिले उद्योग जगत के प्रतिनिधि

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** शहर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने आज प्रात: नव-निर्वाचित जीडीए अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया के निवास पर पहुंचकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर उद्योग प्रतिनिधियों एवं भदौरिया के मध्य विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में इस बात पर विचार-विमर्श किया गया कि ग्वालियर विकास प्राधिकरण की भूमिका उद्योगों के विकास एवं विस्तार में किस प्रकार अधिक प्रभावी एवं लाभकारी हो सकती है। साथ ही विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों में आवश्यक सुधारों के संबंध में भी सुझाव साझा किए गए। उन्होने कहा कि जीडीए अध्यक्ष बनने से पूर्व भी मधुसूदन भदौरिया का ग्वालियर के उद्योग जगत को सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में उद्योगों के विकास के साथ-साथ शहर के समग्र विकास को भी नई गति एवं नई दिशा प्राप्त होगी। भदौरिया का जीडीए अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल अत्यंत सफल, जनहितकारी एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण रहे। बैठक में सोबरन सिंह तोमर प्रांतीय अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, प्रकाश रोहरा, निर्मल सिंह, संतोख सिंह, अभय गर्ग, संजीव मल्होत्रा, रवि गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, गोपाल मोटवानी, संजय धवन एवं कपिल जयसिंघानी सहित क्षेत्र के अनेक उद्योगपति बंधु उपस्थित रहे।

## बाल गृह के बच्चों के साथ शिक्षण व खेलकूद का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र द्वारा आयोजित अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम सत्र 2026-27 के तहत 15 से 19 जून तक श्री शिवाजी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के अंतर्गत मां कैला देवी बालिका गृह के बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों का आयोजन किया गया।

'लर्निंग, केयरिंग एवं इंस्पायरिंग' की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सीखने, प्रेरित होने तथा उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस बच्चों के साथ संवाद एवं परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें उनकी रुचियों, सपनों, शिक्षा एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। युवा स्वयंसेवकों ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय दिवस बच्चों के साथ विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग की भावना को विकसित करने का प्रयास किया गया।

तृतीय दिवस 'प्रकृति संरक्षण' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का आयोजन आज

**ग्वालियर में 3.98 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का होगा वितरण, देशभर के 200 स्थानों के साथ जुड़ेंगे ग्वालियरवासी,विधानसभा अध्यक्ष तोमर करेंगे अध्यक्षता**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ने, रोजगार सृजन को गति देने और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत कल 19 जून को ग्वालियर में एक भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकरी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ग्वालियर के क्षेत्रीय आयुक्त सत्य वर्धन गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत देश के 200 स्थानों पर एक साथ आयोजन हो रहे हैं।

क्षेत्रीय आयुक्त सत्य वर्धन गौतम ने बताया कि ग्वालियर में यह कार्यक्रम राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम में सांसद भारत सिंह कुशवाह विशिष्ट अतिथि के रूप में और विधायक मोहन सिंह राठौर उपस्थित रहेंगे। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों, नियोक्ताओं, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और 800 से अधिक लाभार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उन्होंने बताया कि यह योजना रोजगार संवर्धन के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले पात्र युवाओं को 15 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। इसके अंतर्गत अतिरिक्त रोजगार सृजित करने पर नियोक्ता को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। आगामी दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों का सृजन होने की इसमें संभावना है।



क्षेत्रीय आयुक्त श्री गौतम ने बताया कि ईपीएफओ ग्वालियर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों और नियोक्ताओं को लगभग 3.98 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे उनके बैंक खातों में (डीबीटी के माध्यम से) हस्तांतरित की जाएगी। यह राशि युवाओं के भविष्य को संवारने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगी।

**प्रधानमंत्री मोदी करेंगे संबोधित**

नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से देशभर के 200 केंद्रों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान योजना के हितग्राहियों को डिजिटल माध्यम से हितलाभ भी वितरित करेंगे।

## हिंदू महासभा भवन में महाराणा प्रताप जयंती मनाई, चित्र बांटे

**ग्वालियर 18 जून.** युवक हिंदू महासभा ने हिंदू महासभा भवन दौलतगंज में महाराणा प्रताप की जयंती पर विचार गोष्ठी युवा अध्यक्ष आनंद माहौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता हिंदू महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू सैन थे । युवक हिंदू महासभाइयों ने महाराणा प्रताप के चित्रों को हर हिन्दू के घर-घर तक लगवाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप के चित्रों का वितरण किया। इस अवसर पर हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा,जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म दत्त पांडे शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक, जिला महामंत्री चंद्रशेखर दंडवते, युवा महामंत्री धर्मेंद्र बरेलिया, युवा संगठन मंत्री रोहित जाटव, युवा प्रवक्ता राहुल गुप्ता, अनुराग जाटव , सहित अनेकों उपस्थित थे।




## लायंस क्लब आस्था की वार्षिक साधारण सभा आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** लायंस क्लब आस्था की वार्षिक साधारण सभा एक निजी होटल में संपन्न हुई। क्लब अध्यक्ष सीमा बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में मुख्य अतिथि पूर्व आरसी सुनील शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि वंदना जाजू ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी ज्योति अग्रवाल ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें सर्वसम्मति से अनीता सिंह को अध्यक्ष, चंचल सिंह को सचिव और मीरा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। निवर्तमान सचिव प्रियंका अग्रवाल ने वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष अनीता सिंह ने आय-व्यय का लेखा-जोखा सदन में रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्ष सीमा बंसल ने सदस्यों की एकजुटता की सराहना की, वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष अनीता सिंह ने पूर्ण निष्ठा से सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

- नई कार्यकारिणी घोषित

इस अवसर पर प्रीती सिंह, संगीता जौहरी, रश्मि अग्रवाल, रोमा जैन, सरोज अग्रवाल, सुमन गोयल, रिंकी मित्तल, आरती पटेल और आरती बंसल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## एक दिवसीय एफएसएल कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** अपराधों की वैज्ञानिक और गुणवत्तापूर्ण विवेचना को प्रभावी बनाने के लिए आज एक दिवसीय एफएसएल कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में रिटायर्ड डायरेक्टर (एसएफएसएल) डॉ. हर्ष शर्मा एवं उनकी टीम ने विवेचना अधिकारियों को साक्ष्य संकलन, डीएनए परीक्षण, फिंगरप्रिंट और डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया। एसएसपी सिंह ने पुलिसकर्मियों से कहा कि अपराधों के निष्पक्ष निराकरण और न्यायालय में बेहतर परिणाम के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों का उपयोग अनिवार्य है।

## एमिटी विवि में शोधार्थियों का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** एमिटी विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड पब्लिकेशन निदेशालय द्वारा जनवरी 2026 बैच के पीएचडी स्कॉलर्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित शोधार्थियों को विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों, नियमों एवं दिशानिर्देशों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्व विद्यालय के पदाधिकारियों का शोधार्थियों से परिचय कराया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शोध और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला।

- गुणवत्तापूर्ण शोध और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला



कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. आर.एस. तोमर ने शोधार्थियों को शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय की शोध संस्कृति और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके पश्चात प्रो. (डॉ.) स्वप्निल राय ने पीएचडी शोधार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के नियमों, विनियमों एवं शोध संबंधी दिशानिर्देशों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शोधार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के पीएचडी शोधार्थियों एवं समन्वयकों ने भाग लिया।

आगामी
फादर्स डे
(21 जून) की
गुरु हरगोविन्द जयंती
(30 जून) की
श्रावण मास
(30 जुलाई) से
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

## सीए फायनल मई 2026 परीक्षा का परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा मई 2026 सीए फायनल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। शहर की बात करें तो कुल 166 स्टूडेंट्स ने सीए फायनल की परीक्षा दी। जिसमें से 45 स्टूडेंट्स ने सफलता प्राप्त की। शहर के कुल रिजल्ट की बात करें तो 27 फ़ीसदी रिजल्ट रहा। शहर से इस बार 55 स्टूडेंट्स ने दोनों ग्रुप की परीक्षा दी जिनमें से 11 स्टूडेंट्स ने दोनों ग्रुप में एक साथ सफलता प्राप्त की। वहीं 3 का पहला ग्रुप एवं 2 का दूसरा ग्रुप निकला। वहीं 59 स्टूडेंट्स ने केवल पहले ग्रुप की परीक्षा दी जिसमें से 10 स्टूडेंट्स का पहला ग्रुप निकला। वहीं 52 स्टूडेंट्स ने केवल दूसरे ग्रुप की परीक्षा दी जिसमे से 19 स्टूडेंट्स का दूसरा ग्रुप निकला।

- शहर से बने 21 नए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स



## एनसीसी शिविर में सातवें दिन रोमांचक आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जून।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय ग्वालियर के समादेशक ब्रिगेडियर अनिल जैथलिया के मार्गदर्शन में तथा कैम्प कमांडेन्ट कमांडर-एट-आर्म्स दीपक सिंह भदौरिया के निर्देशन में 3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, ग्वालियर के सीनियर वर्ग का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विद्या भवन पब्लिक स्कूल ग्वालियर पर किया जा रहा है।

शिविर के सातवें दिवस पर दैनिक गतिविधियों के अंतर्गत सुबह सभी कैडिटों के द्वारा शारीरिक तथा मानसिक प्रशिक्षण के तौर पर जुम्बा का अभ्यास बाबूलाल पी.ओ. एवं मिस अर्चना के मार्गदर्शन में किया गया। जुम्बा एक फिटनेस एक्सरसाइज है जिसमें अलग-अलग स्टेप्स करके शरीर की कसरत की जाती है, जिस कारण पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है तथा यह मानसिक तनाव को कम करने में मदद मिलती है।



इसके साथ ही नेवी के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर की देखरेख में 80 एनसीसी कैडिटों को सिमुलेटर फायरिंग कराई गई. ले. एन. के. झा ने एनसीसी कैडिटों को सम्मान पर आधारित व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि सम्मान एक शब्द नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के चरित्र, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिबिंब होता है।

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460